संख्या-411/2015/1056/69-1-15-14(90)/2015

प्रेषक,

एच0पी0 सिंह
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में

निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0 लखनऊ।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग। **लखनऊ : दिनांक : 24 अप्रैल, 2015**

विषय- नगर निगम, लखनऊ के पी0एल0ए0 में संरक्षित धनराशि में से चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 में बी0एस0यू0पी0/आई0एच0एस0डी0पी0 एवं अल्पसंख्यक/मलिन बस्तियों में इण्टरलाकिंग टाइल्स व नाली निर्माण हेतु रू0 9798.481 लाख की पी0एल0ए0 से आहरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-143/16/76/एक/2014-15(वैल्यूम-2), दिनांक 21 अप्रैल, 2015 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा बी0एस0यू0पी0/ आई0एच0एस0डी0पी0 एवं अल्पसंख्यक/मलिन बस्तियों में इण्टरलाकिंग टाइल्स व नाली निर्माण कार्य से सम्बन्धित कुल 62 परियोजनाओं के कार्यों हेतु वित्तीय वर्ष 2014-15 में स्वीकृत कुल धनराशि रू0 9798.481 लाख को वित्तीय वर्ष 2015-16 में आहरित किये जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 में नगर निगम लखनऊ के पी0एल0ए0 में संरक्षित धनराशि में से वित्तीय वर्ष 2014-15 में पी0एल0ए0 से आहरण हेतु प्रश्नगत धनराशि रू0 9798.481 लाख को वित्तीय वर्ष 2015-16 में आहरित कर व्यय किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है। गत वित्तीय वर्ष में लखनऊ, नगर निगम द्वारा जारी किये गये चेक को निरस्त करते हुए नवीन चेक निर्गत किये जायेगें।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अशा0 संख्या-ई-8-1341/दस-2015, दिनांक 24 अप्रैल, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,

(एच0पी0 सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-411/2015/1056(1)/69-1-15, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0,20 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, छठवां तल, संगम प्लेस, सिविल लाइन, इलाहाबाद।
4. वित्त संसाधन (केन्द्रीय सहायता) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0 शासन।
6. नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
7. समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ)/कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, उ0प्र0 शासन।
8. मुख्य कोषाधिकारी, कलेक्ट्रेट, लखनऊ।
9. नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ।
10. वित्त नियंत्रक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
11. सहायक वेब मास्टर, सूडा को विभागीय वेब साइड पर अपलोड कराने हेतु।
12. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सहायक/बजट समन्वयक।

आज्ञा से,

(कमल किशोर गुप्त)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in